AMAR UJALA

Page No. 04 (Gzb.)

Date: 28th Sep 2019

# सेलेब्रिटी नाइट में मनिंदर बुट्टर ने बांधा समा

माई सिटी रिपोर्टर

मुरादनगर। पंजाबी सिंगर मनिंदर बुट्टर ने अपने पॉपुलर सांग तेरे यार बथेरे ने, एक तेरा हसना ओए पर स्टूडेंट्स को थिरके के लिए मजबूर कर दिया। सेलेब्रिटी नाइट का दो हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने लुत्फ उठाया।

यह मौका आईटीएस डेंटल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय इंटर आईटीएस फेस्ट 2019 के आखिरी दिन का था। मनिंदर बुट्टर ने लाइव सांग स्टूडेंट्स के सामने गाए। आईटीएस द एजूकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्डा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्डा की प्रेरणा से खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। वहीं दूसरे दिन सेलो सिंगिंग, सोलो डांस, ग्रुप डांस, अंताक्षरी समेत अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंगोली, नुक्कड नाटक, मास्टर शेफ और फेस पेंटिंग आदि प्रतियोगिता हुई। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। फैशन शो की जज आईटीएस ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन लतिका चड्डा, मिसिज इंडिया इंटरनेशनल डॉ. नेहा गुप्ता, मिसेज इंडिया 2019 जूही स्वर्णकार ने विजेता घोषित किए। खेल प्रतियोगिता में क्रिकेट व फुटबॉल का विजेता डेंटल विभाग और खो खो में बॉयोटेक्नोलॉजी विभाग बना। प्लेसमेंट मैनेजर राजीव मल्होत्रा मौजूद रहे।

Dainik Jagran

Page No : V Date: 28th Sep 2019

# खेल और सांस्कृतिक मेले का हुआ समापन




आइटीएस कालेज में फैशन शो में भाग लेते छात्र-छात्राएं ● सौजन्यः कालेज

**संवाद सहयोगी, मुरादनगर** : हाइवे स्थित आईटीएस कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय खेल व सांस्कृतिक मेले का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन समारोह में कॉलेज के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

आईटीएस फेस्ट- 2019 के नाम से आयोजित समारोह के समापन कार्यक्रम का शुभारंभ आईटीएस ग्रुप के वाइस चेयरमैन डा अर्पित चड्डा ने किया। उन्होंने खेल व शिक्षण के क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। छात्रों को संबोधित करते हुए वाइस चेयरमैन ने कहा कि आईटीएस के छात्र गत कई वर्षों से एकेडमिक परीक्षाओं के साथ ही विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली खेल परीक्षाओं में भी उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए ही प्रतिवर्ष फेस्ट का आयोजन किया जाता है। समारोह में दो हजार से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल हुए। जिसमें छात्रों ने डासिंग, सिंगिंग, रंगोली मेकिंग, कार्ड मेकिंग, फोटोग्राफी प्रतियोगिता के अलावा स्प्रिंट रेस, शॉट पुट, रिले रेस, क्रिकेट, हॉकी व अन्य खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में ग्रुप लेडी वाइस चेयरमैन श्रीमति लतिका चड्ढा, डा नेहा गुप्ता, जूही स्वर्णकार व अन्य लोग मौजूद रहे।

Dainik Yug Karwat

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में सेलिब्रिटी नाइट का आयोजन



मुरादनगर। दिल्ली मेरठ हाइवे पर असालत नगर के सामने स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में प्रसिद्ध पंजाबी सिंगर मनिंदर बुट्टर ने इंटर आईटीएस फेस्ट-2019 के आखिरी दिन अपनी गायकी से धूम मचाई। जहां उन्होंने अपने पॉपुलर सॉन्ग 'तेरे यार बथेरे ने' व 'एक तेरा हसना ओए' आदि गाने गाकर खूब वाहवाही लूटी। सेलिब्रिटी नाइट में आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के विभिन्न कॉलिजों के लगभग 2 हज़ार से अधिक छात्रों ने सेलिब्रिटी नाइट का लुत्फ उठाया।

आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा तथा वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा की प्रेरणा से इस दो दिवसीय सफल खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन सोलो सिंगिंग, सोलो डांस, ग्रुप डांस और अंताक्षरी सहित कई शानदार और जोश से भरे कार्यक्रम के साथ रंगोली, नुक्कड़ नाटक, मास्टर शेफ और फेस पेंटिंग जैसी कुछ शानदार ऑफ-स्टेज प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इसी के साथ बैडमिंटन, बास्केटबॉल, खो-खो, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस जैसी खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई थी, जिसमें छात्रों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा के जोहर दिखाए। आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा द्वारा उक्त प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर जीत दर्ज करने वाले सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अर्पित चड्ढा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आईटीएस के छात्रों ने विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में शीर्ष स्थान हासिल करके न केवल एकेडमिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है, बल्कि प्रत्येक वर्ष सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं में भी अपना जलवा दिखाया है। उन्होंने छात्रों के प्रयासों के लिए सभी छात्रों की प्रशंसा कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

# Nav Bharat Times (Hindi)

Page No.04 (Gzb.) Date 28th Sep 2019

## फैशन शो की रही धूम



■ एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड : आईटीएस में आयोजित दो दिवसीय फेस्ट का शुक्रवार को समापन हो गया। फेस्ट के अंतिम दिन फैशन शो की धूम रही। पंजाबी गायक मनिंदर बुट्टर के गानों पर छात्र-छात्राएं घंटों झूमते रहे। उनके तेरे यार बथेरे ने, तेरा हसना ओए आदि गानों को कई बार सुना गया। शुक्रवार को सोलो सिंगिंग, सोलो डांस, ग्रुप डांस व अंताक्षरी जैसे कार्यक्रमों के अलावा रंगोली, नुक्कड़ नाटक, मास्टर शेफ और फेस पेंटिंग आदि प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।